**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी**
**National Testing Agency**
*Excellence in Assessment*

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# जेईई (मुख्य) -2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना

**16 दिसम्बर 2020**

शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा सत्र 2019 से जेईई (मुख्य) की परीक्षा के संचालन का कार्यभार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) को सौंपा गया है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई (मुख्य) में दो पेपर होते हैं। बी.टेक (प्रथम पेपर) एनआईटी (NITs), आईआईआईटी (IIITs) और अन्य केन्द्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs), आदि में पूर्वस्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित किया जाता है। यह जेईई (एडवांस्ड) की पात्रता परीक्षा के लिए भी अर्हता निर्धारित करता है , जो आईआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

जेईई (मुख्य) 2021 की परीक्षा विभिन्न सत्रों (फरवरी / मार्च / अप्रैल / मई) में में आयोजित करायी जाएगी। इससे अभ्यर्थियों को निम्नलिखित तरीकों से लाभ प्राप्त होगा:

1. अभ्यर्थियों को परीक्षा में अपने प्राप्तांक में सुधार करने के लिए कई अवसर मिलेंगे यदि वे एक प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ देने में विफल रहते हैं;
2. इससे अभ्यर्थी का पूरा सत्र बर्बाद नहीं होगा;
3. यदि, किसी कारणवश, किसी अभ्यर्थी की, बोर्ड की परीक्षा एक ऐसे महीने में होती है, या कोविद-19 के कारण अभ्यर्थी किसी माह की जेईई (मुख्य) की परीक्षा में नहीं बैठ सकता , तो वह JEE (मुख्य) -2021 में अन्य सत्र का चयन कर सकता है;
4. अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से सभी परीक्षाओं में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। यदि एक अभ्यर्थी एक से अधिक सत्रों में उपस्थित होता है तो ऐसी स्थिति में, सभी परीक्षाओं में से सबसे बेहतर प्राप्तांक का प्रयोग एनटीए स्कोर/ रैंक/ मेरिट लिस्ट बनाने के लिए किया जाएगा।

एनटीए ने पाठ्यक्रम में संशोधन के संबंध में देश भर में विभिन्न बोर्डों द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों को ध्यान में रखकर, यह निश्चय किया है कि प्रश्नपत्र में 90 प्रश्न होंगे, जिसमें से अभ्यर्थी को कुल 75 प्रश्न का ही हल करने होंगें। खण्ड बी (संख्यात्मक) में विकल्प दिया जाएगा, जिसमें कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

**नई परीक्षा योजना:**

| पेपर | विषय | खण्ड 'ए' | खण्ड 'ए' | प्रश्नों का प्रारूप | परीक्षा की समयावधि (भारतीय मानक समय) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **प्रथम पाली** | **द्वितीय पाली** |
| बी.ई./बी.टेक. प्रश्नपत्र -1) | गणित | 20* | 10* | *प्रत्येक विषय के दो खण्ड होंगे। खण्ड 'ए' बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) का होगा और खण्ड 'बी' में वे प्रश्न होंगे जिनके उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में भरे जाने हैं। सेक्शन बी में से उम्मीदवारों को 10 में से किसी भी पांच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। खण्ड बी के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। | **09:00 पूर्वान्ह से 12:300 अपरान्ह** | **03:300 अपरान्ह से 06:00 शाम** |
| | भौतिक विज्ञान | 20* | 10 | | | |
| | रसायन विज्ञान | 20* | 10 | | | |
| | **योग** | **90** | | | | |
| **B.** बी.आर्क प्रश्न पत्र -2ए) | गणित – भाग I | 20* | 10* | *भाग-1प्रत्येक विषय के दो खण्ड होंगे। खण्ड 'ए' बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) का होगा और खण्ड 'बी' में वे प्रश्न होंगे जिनके उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में भरे जाने हैं। सेक्शन बी में से उम्मीदवारों को 10 में से किसी भी पांच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। खण्ड बी के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। | **09:00 पूर्वान्ह से 2:00 अपरान्ह** | **03:300 अपरान्ह से 06:00 शाम** |
| | अभिक्षमता परीक्षा – भाग II | 50 | - | | | |
| | ड्राइंग परीक्षा – भाग III | 2 | - | | | |
| | **योग** | **82** | | | | |
| बी.प्लानिंग प्रश्न पत्र -2 बी) | गणित – भाग I | 20* | 10* | *भाग-1 विषय के दो खण्ड होंगे। खण्ड 'ए' बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) का होगा और खण्ड 'बी' में वे प्रश्न होंगे जिनके उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में भरे जाने हैं। सेक्शन बी में से उम्मीदवारों को 10 में से किसी भी पांच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। खण्ड बी के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। | 03:00 अपरान्ह से 06:00 शाम | |
| | अभिक्षमता परीक्षा – भाग II | 50 | - | | | |
| | योजना आधारित प्रश्न - भाग III | 25 | - | | | |
| | योग | 105 | | | | |
| * प्रत्येक विषय के दो खंड होंगे। खण्ड 'ए' बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) का होगा और खण्ड 'बी' में वे प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में दिए जायंगे। खण्ड बी में, उम्मीदवारों को 10 में से किसी भी पांच प्रश्न को हल करना होगा। खण्ड बी के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। | | | | | | |

**प्रश्न पत्र का माध्यम:** नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर, वर्ष 2021 में जेईई (मुख्य) 2021 की परीक्षा निम्नलिखित भाषाओं में: हिंदी, अंग्रेजी और गुजराती के साथ असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू में आयोजित की जाएगी।

**परीक्षा का मोड:** जेईई (मुख्य) 2021 केवल "कंप्यूटर आधारित टेस्ट" (CBT) मोड में आयोजित की जाएगी,केवल बी.आर्क की ड्राइंग परीक्षा "पेन एंड पेपर" (ऑफलाइन) मोड में आयोजित की जाएगी।

**परीक्षा की तिथियां:**

| **सत्र-1 (फरवरी-2021)** | **सत्र -2 (मार्च-2021)** | **सत्र -3 (अप्रैल-2021)** | **सत्र -4 (मई-2021)** |
|---|---|---|---|
| **23,24,25 एवं 26 फरवरी 2021** | **15,16,17 एवं 18 मार्च 2021** | **27,28,29 एवं 30 अप्रैल 2021** | **24,25,26 27 एवं 28 मई 2021** |

**महत्वपूर्ण जानकारियां:**

1. जनवरी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)-2021 में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों को दिनांक 16.12.2020 (बुधवार) से दिनांक 16.01.2021 (शनिवार ) के मध्य केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
2. शुल्क का भुगतान 17.01.2021 (रविवार) तक ऑनलाइन किया जा सकता है।
3. अभ्यर्थी द्वारा शुल्क का भुगतान एक ही समय में सभी सत्रों (फरवरी/ मार्च/ अप्रैल/ मई) के लिए भी किया जा सकता है। हालाँकि, इसे दूसरे सत्र के लिए आगे ले जाया जा सकता है। अभ्यर्थी , यदि चाहें तो, आगामी सत्रों के लिए, एक सत्र के परिणाम के बाद, अपना आवेदन वापस भी ले सकता है। इस स्थिति में, आगामी सत्रों के लिए जमा किया शुल्क, एनटीए द्वारा वापस किया जाएगा बशर्ते अनुरोध उस सत्र की आवेदन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होता है जिसे उम्मीदवार वापस लेना चाहता है।
4. सभी सत्रों के लिए केवल एक ही पुष्टिकरण पृष्ठ (confirmation page) होगा।
5. वे अभ्यर्थी जो परीक्षा के एक से अधिक सत्रों के लिए आवेदन करते हैं, तो वे प्रथम सत्र के बाद अन्य सत्रों की परीक्षा में उपस्थित भी हो सकते हैं और नहीं भी। आवेदन फार्म में अभ्यर्थी द्वारा दर्ज जानकारियों में सुधार के अवसर हेतु सुधार विंडो बाद में खोली जाएगी।
6. अभ्यर्थी को एक सत्र और एक से अधिक सत्रों के लिए एक साथ आवेदन करने और तदनुसार शुल्क का भुगतान करने का विकल्प प्रदान किया जायेगा है। आवेदन विंडो फरवरी / मार्च और अप्रैल सत्र के परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद , फिर से संक्षिप्त रूप से खोला जाएगा।
7. यदि कोई भी अभ्यर्थी प्रथम सत्र के लिए आवेदन नहीं कर सकता है, तो वह परिणाम की घोषणा के बाद, पोर्टल खुलने के बाद अगले सत्र के लिए आवेदन कर सकता है।
8. अभ्यर्थी द्वारा एक सत्र के लिए या एक से अधिक सत्र के लिए केवल एक ही आवेदन भरना होगा। एक ही सत्र के लिए एक अभ्यर्थी द्वारा कई आवेदन फॉर्म किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
9. अभ्यर्थी, जो जेईई (मुख्य) –2021 की परीक्षा में उपस्थित होना चाहते हैं, वे विस्तृत जानकारी हेतु जेईई (मुख्य) की सूचना बुलेटिन जो निम्न वेबसाइट: jeemain.nta.nic.in/www.nta.ac.in पर उपलब्ध है, देख सकते हैं।

(डॉ. साधना पाराशर )
वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा )